श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स ने हाइब्रिड टमाटर बायो 1432 लॉन्च किया

शिवपुरी। भारत की प्रमुख कंपनियों में से एक, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक इकाई, श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स, ने आज शिवपुरी, मध्य प्रदेश में उच्च उपज वाली किस्म नई पीढ़ी वाली हाइब्रिड टमाटर बायो 1432 के लॉन्च की घोषणा की।

बायो 1432 को हैदराबाद स्थित श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स बायोसीड रिसर्च एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा विकसित किया गया था। श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स ने पिछले साल ही महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और गुजरात में टमाटर की खेती में स्क्वेयर राउंड सेगमेंट में (बायोसीड 2182 और 2071) उत्कृष्ट उत्पाद लॉन्च किए हैं, जहां उत्पाद की मांग अत्यधिक है।

बायोसीड अनुसंधान नई तकनीक के साथ विशेष रूप से टमाटर, ओकरा (भिंडी) और हॉट पेपर (तीखी मिर्च) जैसी फसलों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जहां किसान बायो 1432 जैसे उत्पादों द्वारा उच्च उपज के साथ लाभ प्राप्त करेंगे। इस उत्पाद की विशेषताओं में उच्च वायरस सहिष्णुता, फलों का उत्कृष्ट रंग और उच्च तापमान में भी एकरूपता तथा आकार प्रतिधारण क्षमता भी शामिल हैं, जो टमाटर उत्पादकों के लिए अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान, श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स ने मध्?य प्रदेश के शिवपुरी जिले में, जहां टमाटर की खेती के लिए उच्च संभावनाएं हैं, बड़े पैमाने पर टमाटर बायो 1432 के परीक्षण किए। परीक्षण के दौरान उत्पाद का उपयोग करने वाले किसानों ने लॉन्च इवेंट में प्रतिभागियों के साथ बायो 1432 से जुड़ी अपनी सफलता की कहानियां भी साझा किया। अपने खेतों में परीक्षण के लिए बायो 1432 का उपयोग करने वाले

कुछ किसानों ने अपनी उपज की तुलना एक अन्य प्रमुख संकर बीज से हुई पैदावार से की। उन्होंने बताया कि श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स के बायो 1432 के उत्पाद से उन्हें बाजार में बेहतर उपज और कीमत प्राप्त हुई। उन्होंने दावा किया कि इस लाभ के पीछे का कारण उत?पाद का उच्च रोग सहिष्णुता होना, फलों में दृढ़ता होना और 11-12 कटाई तक टमाटर के आकार एक समान होना था। किसानों ने यह भी बताया कि वे बायो 1432 द्वारा मिली पैदावार से बेहद खुश थे।

बायो 1432 से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए, बायो 1432 के लिए अपनाए जाने वाली मुख्य बातों और एग्रोनॉमी में उर्वरकों का उपयोग, पोषण और कीट प्रबंधन शामिल है। बायो 1432 की खास विशेषताएं

निम्नलिखित हैः

1. बायो 1432 किसानों को उच्च उपज के साथ उच्च लाभ देता है क्योंकि इस संकर उत्पाद में अन्य संकरों की तुलना में अधिक संख्या में कटाई प्रदान करने की क्षमता है।

2. बायो 1432 में फलों का वजन अधिक होता है और प्रति पौधे अधिक संख्या में फलों का उत्पादन होता है जो स्वतः ही किसानों को अधिक उपज प्रदान करता है।

3. बायो 1432 में कायाकल्प कर लेने की अच्छी विशेषता है, इसलिए अगर किसान फसल की देखरेख ठीक से करता है, तो यह लंबे समय तक बना रहेगा, जिससे किसान को कम निवेश के साथ अधिक धन प्राप्त हो सकता है।